JANBHARAT MAIL
11 JUNE, 2011

संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधिमंडल ने किया वानिकी वैज्ञानिकों से विचार विमर्श

वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का दृश्य।

संवाददाता, देहरादून।

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका वन सेवा प्रतिनिधि मण्डल का भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् का दौरा

डॉ तोरल वेनंद के नेतृत्व में दिनांक १० जून २०११ को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका वन सेवा के तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने परस्पर सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विचार विमर्श करने के लिए भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद का दौरा किया। वन अनुसंधान संस्थान के प्रमण्डल कक्ष में प्रतिनिधि मण्ड़ल के सदस्यों के साथ डॉ वी.के. बहुगुणा, महानिदेशक, भावअशिप का परिषद तथा वन अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों सहित एक संवादात्मक सत्र चला। परिषद् के विभिन्न क्रियाकलापों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। सहयोग के लिए अभिज्ञात क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन अध्ययन, अकाष्ठ वन उत्पादों को प्रोत्साहन (एनटीएफपी), पारम्पारिक कार्य प्रणाली का प्रलेखन, वैज्ञानिकों की क्षमता वृद्धि, आनुवंशिकी में सीमांत अनुसंधान तथा आजीविका विषयक मुद्दे आदि थे।

H7